

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

विजय-रश्मिका ने तेलुगु रीति-रिवाज से लिए फेरे


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 297 ■ शुक्रवार 27 फरवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# ठाणे जिला हुआ गर्म, पारा 37 डिग्री पार

■ तापमान में बदलाव से सर्दी-खांसी के मरीज बढ़े

**ठाणे.** पिछले कुछ दिनों से माहौल गर्म है और पारा 37 डिग्री के पार जा रहा है। इस वजह से ठाणे जिले में तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर पर होली के बाद मौसम में बदलाव शुरू हो जाता है। लेकिन, जब से यह सिलसिला शुरू हुआ है, तब से इसका असर सेहत पर पड़ने लगा है। बढ़ते प्रदूषण और बढ़ते पारे की वजह से सर्दी, खांसी, बुखार जैसी बीमारियां बढ़ने लगी हैं।

होली शुरू होते ही गुलाबी ठंड पसीने वाली गर्मी में बदलने लगती है। लेकिन पिछले कुछ सालों से मौसम में बदलाव हुआ है और इस साल भी फरवरी महीने में ही गर्मी बढ़ने लगी है। हर तरफ हो रही कंक्रीटिंग इसमें और इजाफा कर रही है। इस बीच, मौसम में बदलाव की वजह से आने वाले हफ्ते में दो दिन थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। हमेशा की तरह फरवरी के आखिर में तापमान बढ़ने लगता है। होली के बाद सच में गर्मी शुरू हो जाएगी और टेम्परेचर 40 के पार जाने की संभावना है।




### मार्च के बाद पसीना

उत्तर से आने वाली हवा धीमी हो जाएगी और ज़मीन पर पूरब से हवा चलेगी। इसलिए, अगर गर्मी बढ़ती भी है, तो नमी की कमी के कारण पसीना नहीं आएगा। लेकिन मार्च के बाद टेम्परेचर बढ़ेगा और पसीना भी बढ़ेगा, ऐसा मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक ने कहा।

गर्म मौसम इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है। इसलिए, डॉक्टर लोगों को धूप से घर आने के बाद मीठी ड्रिंक्स पीने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही, बाहर निकलते समय टोपी और स्कार्फ या फेस मास्क पहनना चाहिए। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोग काम के अलावा घर से बाहर न निकलें, बेहतर होगा कि दोपहर 12 से 4 बजे के बीच निकलें।

### पिछले कुछ दिनों का औसत तापमान...

- ठाणे - 37.1
- बदलापुर - 37.2
- मुंब्रा - 37.7
- कल्याण-डोंबिवली - 38

### वायरल संक्रमण के मरीजों में वृद्धि



तापमान में अचानक वृद्धि के कारण वायरल संक्रमण के मरीजों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। बदलते मौसम में शुष्क हवा और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने से राइनोवायरस जैसे संक्रमण आसानी से फैलते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### बदलते मौसम से बचने के उपाय:

**सावधानी :** सुबह-शाम के तापमान से बचें.
**स्वच्छता :** हाथों को बार-बार धोएं और संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाएं।
**डॉक्टर की सलाह :** यदि 3 दिनों से ज्यादा बुखार या खांसी बनी रहे, तो जांच कराएं।

# बोगस कॉल सेंटर के मालिक और 4 पर अपराध दर्ज

■ 3 उल्हासनगर और 2 आरोपी अंबरनाथ निवासी

■ अमरीका फोन करके लोगों से ऐंठते थे



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने बोगस कॉल सेंटर पर छापा मारकर इस कॉल सेंटर में काम कर रहे 5 लोगों पर अपराध दर्ज किया है. अंबरनाथ के ग्लोब बिजनेस पार्क की तीसरी मंजिल पर रूद्राटेक आईटी सर्विस सेंटर के मालिक का नाम पुलिस ने कमलेश सुनिल सचवानी (35) बताया है, जो कि उल्हासनगर-2 के झूलेलाल मंदिर के पास का निवासी है. ये और उसके चार साथी तरुण हरेश केलवानी (22) उल्हासनगर-5 ओटी सेक्शन निवासी है, जो कि डेटा विश्लेषण का व्यवसाय करता है. तीसरा आरोपी यश राजू पाटिल (24) उल्हासनगर-5 आरके स्टूडियो के पास रहने वाला है. यश अमेरिका के लोगों को कॉलिंग का कार्य करता है और अंबरनाथ गांव, अंबरनाथ पूर्व का निवासी है. पांचवे आरोपी का नाम पुलिस ने वरुण विनोद मिश्रा (21) बताया है. ये भी जूना अंबरनाथ गांव का निवासी है. ये भी ग्राहकों को कॉल करके अपने जाल में फंसाता था. इन आरोपियों ने अपने फायदे के लिए मोबाइल फोन, साफ्टवेयर, संगणक, इंटरनेट इत्यादि साधनों का इस्तेमामल करके अमरीका (यूएसए) के नागरिकों को साफ्टवेयर डेवलप करके बेचने के बहाने से उनको विश्वास में लेकर उनसे एडवांस रकम लेकर बिट क्वाइन स्कैनर मार्फत स्वीकार करके उनका संपर्क क्रमांक को ब्लॉक करके उनके साथ आर्थिक घोटाला करते थे. अंबरनाथ पुलिस ने 25 फरवरी को रात में छापा मारकर यहां से सामान जब्त करके पांच आरोपियों पर कई कलम के अनुसार अपराध दर्ज किया है. मामले की जांच व.पु.नि. शब्बीर सय्यद कर रहे हैं.

# 3.25 लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी

**उल्हासनगर.** सोने की ज्वेलरी बनाने का बिज़नेस करने वाले सुब्रतो घोष के बेडरूम की अलमारी से दो जान-पहचान वालों द्वारा 3 लाख 19 हज़ार 800 रुपये की ज्वेलरी चोरी करने की घटना 8 दिसंबर, 2025 को सामने आई। इस बारे में दोनों के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। घोष शिरू चौक इलाके में रहते हैं और सोनार गली में उनकी सोने की ज्वेलरी बनाने की दुकान है। 8 दिसंबर, 2025 को रात 10:30 बजे जान-पहचान वाली सुधासी और अनन्या सिंह घोष के बेडरूम में मौजूद थीं। उन्होंने बेडरूम की अलमारी से 6 सोने की चूड़ियां, 5 अंगूठियां और एक सोने का पेंडेंट चुरा लिया, जिनकी कीमत कुल 3 लाख 19 हज़ार 800 रुपये थी। घोष ने शिकायत के बाद इस बारे में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया।

# उल्हासनगर का स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद में?

■ बदलापुर में फीमेल सीमेन सेल केस से महानगर पालिका अनजान

■ फीमेल सीमेन सेल रैकेट का बढ़ेगा दायरा

**उल्हासनगर.** बदलापुर में गरीबी, अज्ञानता और पैसे की ज़रूरत का फ़ायदा उठाकर फीमेल सीमेन सेल रैकेट का पर्दाफ़ाश हुआ है, लेकिन महानगर पालिका में हेल्थ डिपार्टमेंट का काम एक बार फिर शक के घेरे में आ गया है, क्योंकि यह चौंकाने वाला मामला सीधे उल्हासनगर शहर से जुड़ा है। जबकि इस गैर-कानूनी फीमेल सीमेन सेल केस में गिरफ़्तार चार महिलाओं में से तीन उल्हासनगर की रहने वाली थीं. अब सवाल यह उठ रहा है कि उल्हासनगर मनपा का मेडिकल और हेल्थ डिपार्टमेंट इतनी गंभीर घटना से पूरी तरह अनजान रहा, या फिर इसे जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया गया।




बदलापुर ईस्ट के जोवेली इलाके में चल रहे इस रैकेट का पर्दाफ़ाश बदलापुर ईस्ट पुलिस और रूरल हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के जॉइंट ऑपरेशन में हुआ। चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योत्सना सावंत की शिकायत पर केस दर्ज करके अब तक इस मामले में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में बदलापुर की सुलक्षणा गडेकर, उल्हासनगर की रहने वाली अश्विनी चाबुकस्वार, मंजुषा वानखेड़े और सोनल गरेवाल शामिल हैं। जांच में सामने आई जानकारी के मुताबिक, आरोपी महिलाएं जरूरतमंद महिलाओं की जासूसी कर उन्हें पैसों का लालच देती थीं। डॉक्टर की सलाह या वैलिड परमिशन के बिना, गैर-कानूनी सोनोग्राफी के जरिए हार्मोन और इंजेक्शन दिए जाते थे। यूट्रस में महिलाओं के एग्स की संख्या बढ़ने के बाद, यह पता चला है कि इन महिलाओं को IVF सेंटर भेजा जाता था, जहां सर्जरी करके महिलाओं के एग्स निकालकर गैर-कानूनी तरीके से बेचे जाते थे।

छापे के दौरान आरोपियों के कब्जे से प्रेग्नेंसी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंजेक्शन, सोनोग्राफी फोटो, गलत नामों वाले एफिडेविट, फर्जी डॉक्यूमेंट और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के सबूत जब्त किए गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि महिलाओं को बार-बार डोनर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था और उनका शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाता था। जब उल्हासनगर में रहने वाली महिलाओं का इस तरह इस्तेमाल हो रहा था, तो लोकल मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग होम रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट और सोनोग्राफी सेंटर्स के कंट्रोल सिस्टम आखिर क्या कर रहे थे?

### स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान

गैर-कानूनी सोनोग्राफी, इंजेक्शन सप्लाई और IVF से जुड़ी गतिविधियां शहर के म्युनिसिपल हेल्थ डिपार्टमेंट की नज़र से कैसे बच गईं? इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इस बीच, शक जताया जा रहा है कि उल्हासनगर शहर के डॉक्टर, बिचौलिए, IVF सेंटर या दवा सप्लायर इस रैकेट में शामिल हैं और पुलिस इसकी जांच कर रही है। यह मामला सिर्फ बदलापुर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उल्हासनगर जैसे शहरों में हेल्थ सिस्टम की कमी और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। प्रशासन अब क्यों जागा है?

# मनपा आयुक्त ने किया विकास कामों का निरीक्षण

**उल्हासनगर.** क्वालिटी से समझौता करने वालों पर कार्रवाई के संकेत देते हुए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने साफ किया कि उल्हासनगर के लोगों को नए साल में बेहतर शहर देखने को मिलेगा। उन्होंने खास तौर पर वार्ड 15 में पेंडिंग और चल रहे विकास कामों का निरीक्षण किया। स्थानीय नगरसेवक और मनपा ग्रुप लीडर अरुण आशान के कहने पर मनपा आयुक्त ने इस दौरे के दौरान काम में ढिलाई बरतने और क्वालिटी से समझौता करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने वाल्मीक नगर समाज मंदिर, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया और गीता कॉलोनी में पेंडिंग सड़क, श्रीराम नगर से सतरामदास हॉस्पिटल तक की सड़क और सूर्या होटल से खड़ेगोलावली गांवदेवी मंदिर तक की सड़क का निरीक्षण किया।

उन्होंने सतरामदास हॉस्पिटल से जंगल होटल तक पाइपलाइन और सड़क के काम और श्रीराम नगर में गार्डन का भी निरीक्षण किया। नागरिकों की सुविधा के लिए वार्ड में सड़क और पाइपलाइन के काम को तय समय में पूरा करना जरूरी है।

कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने इस मौके पर कहा कि जो लोग काम में देरी करेंगे और क्वालिटी से समझौता करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर अनंत जवादवार, शिवसेना ग्रुप लीडर और डिप्टी डिस्ट्रिक्ट चीफ अरुण लक्ष्मण आशान, कॉर्पोरेटर इंदिरा निखिल पाटिल, कॉर्पोरेटर काजल अमर जग्यासी, कॉर्पोरेटर संगीता नितिन सपकाल, अमर जग्यासी, नितिन सपकाल, निखिल पाटिल, ब्रांच हेड लोकेश खैरालिया, डिपार्टमेंट हेड राजू सोनवणे, सीमा सोनवणे, नीरज सिंह, सोशल वर्कर योगेश म्हात्रे मौजूद थे।

# नया स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर बिजली कर्मचारी पर हमला

**कल्याण.** अंबरनाथ में एक बिजली ग्राहक ने महावितरण के कर्मचारी पर हमला कर दिया। उसे गुस्सा इस बात पर आया कि घर में लगे पुराने बिजली मीटर को हटाकर उसकी जगह बिना पूछे नया स्मार्ट मीटर क्यों लगा दिया गया। हमले में घायल होने की वजह से कर्मचारी को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। इस बारे में महावितरण के एक कर्मचारी ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

हमला करने वाले बिजली ग्राहक का नाम दत्तू जाधव है। महावितरण के जिस जनमित्र कर्मचारी पर हमला हुआ, उसका नाम रतिराम सपकाले है। महावितरण की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, अंबरनाथ पश्चिम में महावितरण के न्यू कॉलोनी ब्रांच ऑफिस में सीनियर टेक्नीशियन के तौर पर काम करने वाले रतिराम सपकाले अपने सीनियर अधिकारियों के आदेश पर फॉरेस्ट नाका इलाके में बकाया बिजली बिल वसूल रहे थे। इस इलाके में रहने वाले आरोपी दत्तू जाधव के घर से पुराना मीटर हटाकर महावितरण के कर्मचारियों ने नया स्मार्ट मीटर लगाया था। पुराना बिजली मीटर हटाकर नया स्मार्ट मीटर लगाते समय उससे पूछा नहीं गया, इस बात से गुस्साए दत्तू जाधव ने रतिराम सपकाले को गंदी-गंदी गालियां दीं और पीटा। पीटने के बाद दत्तू जाधव मौके से भाग गया।

मारपीट की जानकारी मिलते ही ब्रांच इंजीनियर वैभव भोईर घायल सपकाले को तुरंत अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने ले गए। उन्हें आगे के इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया। कर्मचारियों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई।

सपकाले को पीटे जाने की जानकारी मिलते ही एग्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रवीण चकोले, डिप्टी चीफ इंडस्ट्रियल रिलेशन ऑफिसर रामगोपाल अहीर, डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जितेंद्र प्रजापति और अलग-अलग ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में जमा हो गए। उन्होंने हमलावर के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज करने और उसे कड़ी सजा देने की मांग की। पुलिस ने दत्तू

# शांतिनगर में लेडीज़ बार सैय्यारा पर पुलिस की रेड



**उल्हासनगर.** शांतिनगर के लेडीज़ बार सैय्यारा में अश्लील डांस करने की जानकारी मिलने के बाद सेंट्रल पुलिस ने मंगलवार रात को रेड मारी। इस मामले में बार मालिक और मैनेजर समेत कुल 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अश्लील डांस करने वाली आठ महिलाओं, तीन पुरुष वेटर, मालिक हिमांशु उर्फ नरेश वाधवानी, मैनेजर गौरव सतीश जवार समेत कुल 12 लोगों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया।

# शहर को जाम से मुक्त करने प्रशासन की पहल

■ लावारिस वाहनों, अवैध पार्किंग के खिलाफ होगी कार्रवाई

**उल्हासनगर.** शहर की मुख्य सड़कों और फुटपाथों पर पड़े लावारिस और अवैध वाहनों के कारण बढ़ते ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं के खतरे और नागरिकों को होने वाली असुविधा पर अब अंकुश लगेगा। उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अतिरिक्त आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण ने बताया है कि पूरे शहर में एक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जाएगा।

शहर के कई मुख्य मार्गों पर दोपहिया और चार पहिया वाहन विक्रेताओं द्वारा बिक्री के लिए वाहन पार्क किए जाते हैं। मनपा के संज्ञान में आया था कि कुछ स्थानों पर लंबे समय से लावारिस वाहन पड़े हैं। इस संबंध में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार शिकायतें मिल रही थीं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अवैध लावारिस वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। 1 से 4 तक, यह कार्रवाई असिस्टेंट कमिश्नरों की एक जॉइंट टीम शुरू करेगी। यह कार्रवाई मुख्य सड़कों, चौराहों, बाज़ारों में रुकावट डालने वाली गाड़ियों के साथ-साथ फुटपाथ पर खड़ी लावारिस गाड़ियों को ज़ब्त करने की होगी।



### मनपा की चेतावनी

यह कार्रवाई सिर्फ़ एक बार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रेगुलर और रोज़ाना जारी रहेगी। इसलिए, मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि शहर के नागरिक और गाड़ी मालिक बिना इजाज़त के कोई भी गाड़ी पब्लिक जगहों पर पार्क न करें, नहीं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### सार्वजनिक जगहों पर गाड़ियां पार्क न करें...

मुख्य सड़कों और फुटपाथों पर बिना इजाज़त और लावारिस गाड़ियों की पार्किंग से ट्रैफ़िक जाम, हादसों का खतरा और नागरिकों को बहुत परेशानी हो रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, प्रशासन एक जॉइंट एक्शन कैंपेन शुरू करेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के ख़िलाफ़ सख़्त कदम उठाए जाएँगे। यह कैंपेन लगातार जारी रहेगा और नागरिकों को भी ज़िम्मेदारी से पेश आना चाहिए और पब्लिक जगहों पर गाड़ियाँ पार्क नहीं करनी चाहिए।

– **डॉ. धीरज चव्हाण,** एडिशनल कमिश्नर, उल्हासनगर मनपा

# कंवरराम पैलेस के 46 लोगों ने 12 लाख रुपये की बिजली चुराई

■ 65 हजार यूनिट बिजली चोरी का मामला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के O. T. सेक्शन में संत कंवरराम पैलेस के कुल 46 लोगों ने महावितरण की सड़क के किनारे लगे मिनी पिलर से सीधे सोसायटी के बिजली मीटर में बिजली चुराई। उन्होंने गैर-कानूनी तरीके से अपने हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की बिजली सप्लाई चुराई और एक साल में महावितरण की 65 हजार यूनिट बिजली इस्तेमाल की। इस मामले में पता चला कि संत कंवरराम पैलेस ने कुल 12 लाख 20 हजार रुपये की बिजली चुराई।



महावितरण के वाशी फ्लाइंग स्क्वॉड के एडिशनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कपिल गाठले ने इस बिजली चोरी के मामले में कवरराम पैलेस के बिजली कंज्यूमर हर्ष वाशुमल खानवानी और इस बिल्डिंग के सुपरवाइजर अलीम इब्राहिम पठान के खिलाफ इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 135 के तहत अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है।

उल्हासनगर ओ. टी. सेक्शन में संत कवरराम पैलेस में हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की बिजली सप्लाई सीधे सड़क पर महावितरण की बिजली सप्लाई से ली जा रही है। वाशी में महावितरण के फ्लाइंग स्क्वाड को जानकारी मिली थी कि यहां बिजली चोरी चल रही है। इस स्क्वाड ने पिछले साल सुबह कवरराम पैलेस पर छापा मारा। वहां बिजली मीटर और बिजली सप्लाई की जानकारी मिली। उस समय पता चला कि हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के बिजली मीटर को बिजली सप्लाई सड़क पर महावितरण के मिनी पिलर से ली जा रही थी। पता चला कि यह बिजली सप्लाई सोसायटी के 44 सदस्यों के घरों को दी जा रही थी। स्क्वाड इस सोसायटी के हर घर में गया और वहां बिजली से चलने वाले उपकरणों की जानकारी ली। उस समय पता चला कि इस हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के निवासियों ने अक्टूबर 2024 से साल भर में 65 हजार बिजली यूनिट इस्तेमाल की थी। पता चला कि इस बिजली चोरी के जरिए महावितरण के बिजली बिल के जरिए कुल 12 लाख 20 हजार रुपये की बिजली चोरी की गई। कंवरराम पैलेस के बिजली कंज्यूमर और सुपरवाइजर को समझौते के तौर पर 2 लाख 59 हजार रुपये देने को कहा गया है। इस कार्रवाई में एडिशनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कपिल गंथले, डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर देवेंद्र नलावडे, सीनियर टेक्नीशियन प्रदीप फरद, प्रफुल्ल राउत शामिल थे।

### ग्रामीण इलाकों में बढ़ रही बिजली चोरी

ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा बिजली चोरी करने वाले कंज्यूमर देखे जा रहे हैं, जहां वे शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे के बीच घर में लगे बिजली मीटर से हुकिंग करके या घर के सामने बिजली के तारों से बिजली सप्लाई ले रहे हैं। अगर महावितरण का फ्लाइंग स्क्वॉड अचानक शाम 7 बजे से देर रात तक गांव में बिजली मीटर और बिजली सप्लाई की जांच का अभियान शुरू करे, तो और भी बिजली चोरी पकड़े जाने की संभावना है। ऐसी शिकायतें हैं कि बिजली चोरी की गुप्त जानकारी कई बार महावितरण के अधिकारियों को दिए जाने के बावजूद, वे समय पर चोरी वाली जगह पर नहीं जाते हैं। चूंकि बिजली चोरी करने वाले कंज्यूमर को उससे पहले ही अलर्ट कर दिया जाता है, इसलिए महावितरण की कार्रवाई फेल हो रही है। ऐसी घटना कुछ दिन पहले शहापुर तालुका के एक गांव में हुई थी।




जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## एक पदयात्रा और पूरा शहर ठप

महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक यातायात प्रबंधन में हर स्तर पर अक्सर लापरवाही साफ नजर आती है। खास तौर से उन जगहों पर जहां सड़क संकेतक काम नहीं कर रहे होते या यातायात पुलिस कर्मी तैनात नहीं होते। वाहन चालकों के एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ से भी जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हद तो तब हो जाती है, जब रैलियों, पदयात्रा और विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसा लगता है कि यातायात नियम भीड़ में शामिल लोगों के लिए बने ही नहीं हैं! यहां तक कि एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी रास्ता देने की जरूरत नहीं समझी जाती। ऐसी ही एक घटना चंडीगढ़ में मंगलवार को देखने को मिली, जब विपक्षी दलों की पदयात्रा के दौरान यातायात जाम होने से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के वाहन फंस गए। इसके बाद उच्च न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को तलब कर यातायात व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

इसमें दोराय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर संपर्क मार्गों तक यातायात जाम की समस्या अब आम बात हो गई है। यातायात नियमों की हर स्तर पर अनदेखी की जाती है। अक्सर यह देखा जाता है कि विभिन्न स्थानों पर लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो जाता है, बल्कि उन्हें कई तरह की परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ता है। आए दिन इस तरह के मामले भी सामने आते रहते हैं कि यातायात जाम की वजह से एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिला और उसमें ले जाए जा रहे मरीज को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई।

चंडीगढ़ में यातायात अवरुद्ध होने की घटना और उस पर उच्च न्यायालय की ओर से लिए गए तत्काल संज्ञान को व्यवस्था में सुधार की लिहाज से अहम माना जा रहा है। खबरों के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक ने भरोसा दिया है कि शहर में इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि अगर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, तो समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है।

# विचार : अपने मूल उद्देश्य से भटक गया रेरा

जब भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 यानी रेरा के नौ साल पूरे हो चुके हैं, तब पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की ओर से उसके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणी ने सबका ध्यान खींचा। इस कानून को इस उम्मीद में बनाया गया था कि इससे घर-फ्लैट खरीदारों को मदद मिलेगी और उन्हें बिल्डरों की मनमानी और भ्रष्टाचार से राहत मिलेगी, लेकिन हो रहा उलटा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रेरा को बंद कर देना ही बेहतर है, क्योंकि यह डिफाल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रहा है और रिटायर्ड आइएएस अधिकारियों का पुनर्वास केंद्र बन गया है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। संसद ने रेरा इसलिए बनाया था, ताकि रियल एस्टेट सेक्टर में अनुशासन, पारदर्शिता आए और लोगों का भरोसा बने। उपभोक्ता कानून की तरह सिर्फ नुकसान होने के बाद मुआवजा देना इसका उद्देश्य नहीं था।

रेरा को इस तरह बनाया गया था कि वह नुकसान होने से पहले ही उसे रोके। यानी लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई इसकी असली ताकत थी। सवाल यह है कि क्या इसे सही तरीके से लागू किया गया? अगर रेरा के प्रविधानों को सख्ती से लागू किया जाता और पंजीकरण के समय बिल्डरों की पूरी और गंभीर जांच होती तो अधिकतर प्रोजेक्ट समय पर और बिना किसी शिकायत के पूरे होते। ऐसी स्थिति में बिल्डर समय पर प्रोजेक्ट पूरा करना अपनी प्रतिष्ठा का विषय बनाते। सही तरीके से लागू किया गया कानून सिर्फ सजा नहीं देता। वह ऐसी व्यवस्था बनाता है, जहां अच्छा प्रदर्शन दिखे भी और उसे मापा भी जा सके।



समय पर और बिना विवाद के प्रोजेक्ट पूरा होने पर ही "रेरा है तो भरोसा है" जैसे नारे सच में भरोसा पैदा करते, सिर्फ नारा बनकर नहीं रह जाते, लेकिन हकीकत यह है कि पंजीकरण सिर्फ कागज अपलोड करने की प्रक्रिया बनकर रह गई है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां बिल्डर के ब्रोशर में देशभर में कई परियोजनाएं दिखाई गईं, लेकिन रेरा पोर्टल पर केवल एक ही पंजीकृत परियोजना दर्ज थी और शिकायतों का डाटा भी बहुत कम था।

जब प्रोजेक्ट की सुविधाओं की जानकारी बिल्डर की वेबसाइट, स्वीकृत नक्शों और रेरा पोर्टल पर अलग-अलग दर्ज हो तो फिर कोई घर-खरीदार प्रोजेक्ट के बारे में सही और सटीक जानकारी कहां से हासिल करे? यदि जानकारी ही स्पष्ट न हो तो रेरा के वेब पोर्टल का घर-खरीदार को वास्तविक लाभ क्या मिला? बिक्री समझौते का मसौदा भी कई बार उपलब्ध नहीं होता, जिसे कानून के तहत अनिवार्य रूप से रेरा वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। यह दिखाता है कि परियोजनाओं का पंजीकरण ठीक से नहीं किया जा रहा है और शुरुआत में ही सही जांच नहीं हो रही है।

रेरा कहता है कि प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ाना सिर्फ खास परिस्थितियों में होना चाहिए, लेकिन कई राज्यों में एक्सटेंशन आम बात है। एक्सटेंशन मिलने के बाद भी सभी खरीदारों को अपने-आप मुआवजा मिलना शुरू नहीं होता। आम तौर पर देरी का कोई सीधा आर्थिक असर बिल्डर पर नहीं पड़ता, लेकिन घर-खरीदार के लिए देरी बहुत ही महंगी पड़ती है। कायदे से यह बिल्डर को भी महंगी पड़नी चाहिए। आज डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। प्राधिकरण चाहें तो निर्माण की वास्तविक प्रगति की तुलना रिपोर्ट से कर सकते हैं, पैसों के प्रवाह को देख सकते हैं, जोखिम पहले से पहचान सकते हैं और भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी विलंब या विवाद को पहले ही पकड़ सकते हैं और समय रहते सुधारात्मक कदम उठा सकते हैं, लेकिन इस रोकथाम पर उनका ध्यान ही नहीं है जो कानून का मुख्य उद्देश्य है।

महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (महारेरा) की वेबसाइट पर उपलब्ध एक बिक्री समझौते में लिखा है कि अगर खरीदार 15 दिनों में कब्जा नहीं लेता तो 40 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह होल्डिंग चार्ज देना होगा। 1,000 वर्ग फुट के फ्लैट पर यह 40,000 रुपये प्रति माह बनता है। कानून खरीदार को कब्जा लेने के लिए 60 दिन देता है। नियमों में भी कहा गया है कि देरी की स्थिति में मुख्यतः मेंटेनेंस चार्ज देय होगा। फिर भी ऐसे प्रविधान खुलेआम बिल्डरों द्वारा डाले जा रहे हैं।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हम आत्मा की आँखों से जीवन को देखते हैं, तो हमें विश्वास हो जाता है कि प्रभु हमारी संभाल कर रहे हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 80 लाख आपत्तियां, वोटर लिस्ट की बड़ी परीक्षा

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता का मूल आधार पारदर्शिता और निष्पक्षता पर टिका होता है। पात्र मतदाता ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी होता है।

इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, मगर इसमें कई तरह की आशंकाएं और चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को लेकर कई मौकों पर निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को आमने-सामने देखा गया है। सवाल और आरोप वही हैं कि राज्य में इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण किया जा रहा है।

पहले नागरिकता प्रमाण पत्रों को लेकर विवाद उठा, फिर बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के बोझ का मुद्दा सुर्खियों में आया और अब तार्किक विसंगतियों से संबंधित दावों और आपत्तियों के पारदर्शी तरीके से समय पर निपटारे का मसला सामने आया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस कार्य में सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया था और अब राज्य के दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती तथा पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओड़ीशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति भी दे दी है।



गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल नहीं करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया।

मगर पश्चिम बंगाल में आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग की आशंकाएं अभी भी बरकरार हैं। शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही कहा कि चूंकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन से आधार को पहचान प्रमाण के रूप में शामिल किया गया था, इसलिए इसे स्वीकार करना होगा।

दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार का दावा था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत राज्य में तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और अब करीब अस्सी लाख दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाना है, जिसमें निष्पक्षता बेहद जरूरी है।

इसी के मद्देनजर सर्वोच्च अदालत ने इस कार्य में मदद के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया है। सवाल है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में शीर्ष अदालत को बार-बार दखल क्यों देना पड़ रहा है? इस कार्य को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है और इसमें संबंधित राज्य सरकार को भी हरसंभव सहयोग करना होता है। ऐसे में अपेक्षा यही की जाती है कि इस कार्य को सियासत से दूर रखकर बेहतर समन्वय और सामंजस्य के साथ काम किया जाए।

बहरहाल, सबसे जरूरी पहलू यह है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी ईमानदारी बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रहे।

# शराबी होते हैं चिंपांजी, जंगल में पीते हैं दारू

**जरा हट के**

शराब स्वास्थ्य के लिए हानीकारक है, फिर भी लोग शराब का सेवन करते हैं. पर क्या आपने कभी सोचा है कि क्या सिर्फ इंसान ही शराब पीते हैं या फिर जानवर भी पी सकते हैं? शराब से हमारा मतलब वो प्रोसेस की गई ड्रिंक नहीं है जो आपको बोतलों में बंद मिलती है. बल्कि हम यहां प्राकृतिक रूप से मिलने वाली शराब की बात कर रहे हैं. वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक शोध किया, जिससे उन्हें जानवरों में शराब पीने की आदत को लेकर एक बड़ी बात का पता चला है.

डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने एक शोध की है, जिसमें पाया कि अफ्रीका के चिंपांजी शराब पीते हैं. वैज्ञानिकों ने जंगली चिंपांजियों के यूरिन सैंपल को टेस्ट किया है जिससे उन्होंने पाया कि 20 में से 17 चिंपांजी में अल्कोहल पाया गया है. ये अल्कोहल फर्मेंट किए फल से मिलता है



जिसे चिंपांजी खाते हैं. रिपोर्ट के अनुसार युगांडा के चिंपांजियों में ब्रीदएनालाइजर का प्रयोग नहीं किया जा सकता, इस वजह से शोधकर्ताओं ने उनकी पेशाब के सैंपल को जुटाया और उससे पता लगाया.

पिछले साल यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के डॉक्टोरल छात्र एलेक्से मारो और प्रोफेसर रॉबर्ट डडली ने बताया कि चिंपांजी जो फल खाते हैं, उनमें प्राकृतिक रूप से अल्कोहल होता है जो फर्मेंटेशन की वजह से पाया जाता है. वैज्ञानिकों ने अंदाजा लगाया कि चिंपांजी एक दिन में 14 ग्राम अल्कोहल का सेवन कर सकते हैं. इंसानों के मामले में करीब 2 ग्लास वाइन.

यूरिन का सैंपल कलेक्ट करने के लिए मारो ने एक युगांडा के ग्रैजुएट छात्र, शरीफा नामागंदा के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम किया था. उन्होंने प्लास्टिक बैग में फंसे फोर्क स्टिक की मदद ली और चुपके से यूरिन के सैंपल को जमा किया. उन्होंने जंगल की जमीन पर किसी गड्ढे आदि में गिरी पेशाब को भी जुटाया. उन्होंने युगांडा के किबाले नेशनल पार्क में अपनी 11 दिनों की यात्रा के दौरान इतनी पेशाब जमा कर ली, जिससे वो अपने ड्रंकेन मंकी हाइपोथिसेस के विचार को सार्थक कर पाएं.

# शकरकंद की टिक्की

**खाना-खजाना**

शाम की चाय के साथ कुछ गरमा-गरम, चटपटा मिल जाए, तो दिन बन जाता है। आमतौर पर हम आलू की टिक्की खाते हैं, लेकिन अगर आप कुछ हेल्दी और थोड़ा हटकर ट्राई करना चाहते हैं, तो शकरकंद की टिक्की एक बेहतरीन ऑप्शन है। यह न केवल स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि विटामिन-ए, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के कारण सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

### सामग्री

- शकरकंद- 500 ग्राम
- मूंगफली- 1/4 कप
- हरी मिर्च- 2-3
- अदरक- 1 इंच का टुकड़ा
- हरा धनिया- आधा कप
- सिंघाड़े का आटा या कुट्टू का आटा- 3-4 बड़े चम्मच
- सेंधा नमक या साधारण नमक- स्वादानुसार
- जीरा पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर या नींबू का रस- 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच
- तेल या घी- शैलो फ्राई करने के लिए

### बनाने की विधि

सबसे पहले शकरकंद को अच्छी तरह धोकर कुकर में उबाल लें। ध्यान रहे कि इन्हें बहुत ज्यादा न



उबालें वरना टिक्कियां चिपचिपी हो जाएंगी। ठंडा होने पर इन्हें छील लें और एक बड़े बर्तन में अच्छी तरह मैश कर लें।

अब मैश किए हुए शकरकंद में कटी हुई हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, जीरा पाउडर, अमचूर, लाल मिर्च और नमक डालें। इसके बाद इसमें कुचली हुई मूंगफली मिलाएं। मूंगफली टिक्कियों को एक बेहतरीन क्रंच देती है।

इसके बाद मिश्रण में सिंघाड़े का आटा या कुट्टू का आटा मिलाएं। यह टिक्कियों को टूटने से बचाएगा। अब हाथों पर थोड़ा सा तेल लगाएं और मिश्रण से मध्यम आकार की लोइयां लेकर उन्हें मनचाहा गोल या चपटा आकार दें। अब एक नॉन-स्टिक पैन या तवे पर 2-3 चम्मच तेल या घी डालें। जब तेल मध्यम गरम हो जाए, तो सावधानी से टिक्कियों को पैन में रखें। इन्हें मध्यम आंच पर तब तक सेकें जब तक कि नीचे की सतह सुनहरी भूरी और कुरकुरी न हो जाए। इसके बाद इन्हें पलट दें और दूसरी तरफ से भी अच्छी तरह सेक लें। शकरकंद की टिक्की बनकर तैयार है।

# बिना फिल्टर के आंखें दिखेंगी बड़ी और अट्रैक्टिव

**बस याद रखें ये 5 आसान मेकअप ट्रिक्स**

बड़ी और चमकदार आंखें हर चेहरे की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देती हैं। ऐसी आंखें न सिर्फ अट्रैक्टिव दिखती हैं, बल्कि पर्सनेलिटी में एक अलग ही निखार लाती हैं।

हर किसी की आंखें नेचुरली बड़ी नहीं होतीं। अगर आपकी आंखें छोटी हैं या थकी हुई दिखती हैं, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान और स्मार्ट मेकअप ट्रिक्स अपनाकर आप अपनी आंखों को बड़ा, ब्राइट और अधिक डिफाइन्ड लुक दे सकती हैं। यहां कुछ असरदार मेकअप हैक्स, की जानकारी दी गई है जो आपकी आंखों को देंगे इंस्टेंट बिग-आई इफेक्ट। आइए जानते हैं इनके बारे में...

### वॉटरलाइन पर न्यूड या व्हाइट काजल लगाएं

काले काजल की जगह वॉटरलाइन पर न्यूड या सफेद काजल पेंसिल का इस्तेमाल करें। इससे आंखें खुली-खुली और ज्यादा बड़ी लगती हैं। यह ट्रिक खासकर तब बहुत असरदार होती है जब आपकी आंखें थकी हुई या छोटी दिख रही हों।

### इनर कॉर्नर को हाइलाइट करें

आंखों के अंदरूनी कोने यानी इनर कॉर्नर पर शिमर या हाइलाइटर लगाने से आंखों को ब्राइटनेस मिलती है और वे ज्यादा ओपन दिखाई देती हैं। यह मेकअप ट्रिक आंखों को तुरंत जगमगाहट देती है।

### आईलैश कर्ल करें और मस्कारा लगाएं

आईलैश कर्लर का इस्तेमाल करें और फिर अच्छी क्वालिटी का मस्कारा लगाएं। यह न केवल पलकों को लंबा और घना दिखाता है, बल्कि आंखों को भी बड़ा लुक देता है।




### स्मार्ट आईलाइनर का इस्तेमाल करें

आईलाइनर को पूरा आंखों के चारों ओर लगाने से आंखें छोटी लग सकती हैं। बेहतर होगा कि आप विंग्ड लाइनर या स्मज्ड लाइन का इस्तेमाल करें।

इससे आंखें लंबी और खुली नजर आती हैं।

### क्रीज एरिया पर मीडियम टोन आईशैडो लगाएं

क्रीज एरिया पर मीडियम टोन आईशैडो लगाने के लिए, पहले एक साफ और तैयार पलक पर आईशैडो प्राइमर लगाएं। इसके बाद ब्राउन, टॉपी या मीडियम टोन शेड्स का इस्तेमाल क्रीज लाइन पर करें और अच्छी तरह ब्लेंड करें। यह आंखों को डेप्थ देता है, जिससे वे ज्यादा बड़ी और डीप लगती हैं।

### आईब्रो को सही शेप दें

आईब्रो का अच्छा आर्च शेप आंखों को उठे हुए लुक में मदद करता है। साफ-सुथरी, घनी और संतुलित आईब्रो आंखों की फ्रेमिंग को बेहतर बनाती हैं।

### कंसीलर से डार्क सर्कल छुपाएं

डार्क सर्कल्स आंखों को छोटा और थका हुआ दिखाते हैं। अच्छे कंसीलर से अंडरआई एरिया को ब्राइट करें, जिससे आंखें फ्रेश और बड़ी लगें।

### फॉल्स लैशेज का सहारा लें (ऑप्शनल)

अगर किसी खास मौके पर ड्रैमेटिक लुक चाहिए, तो नेचुरल लुक वाली फाल्स आईलैशेज लगाएं। इससे आपकी आंखें इंस्टेंटली बड़ी और ग्लैमरस दिखेंगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें।

**मिथुन** : बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कर्क** : थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** : विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है।

**कन्या** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**वृश्चिक** : दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं, मेडिटेशन करें।

**मकर** : वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**कुंभ** : मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा।

**मीन** : बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पपीता सभी के लिए नहीं...

**किन्हें इसे खाने से बचना चाहिए, जानिए डॉक्टर की बड़ी सलाह**



पपीता एक स्वास्थ्यवर्धक फल है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह हानिकारक भी हो सकता है. गर्भवती महिलाएं (कच्चा या अधपका पपीता), लेटेक्स एलर्जी वाले, थायराइड रोगी, ब्लड थिनर लेने वाले और किडनी स्टोन के मरीज इसे सावधानी से ही खाएं. अधिक मात्रा में सेवन करने पर यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल परेशानी और पेट में मरोड़ का कारण बन सकता है.

डॉक्टर रवि आर्य के अनुसार, गर्भावस्था में पूरी तरह पका हुआ पपीता सीमित मात्रा में सुरक्षित और फायदेमंद माना जाता है. वहीं, कच्चा या आधा-पका पपीता बिल्कुल नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इसमें मौजूद लेटेक्स और पपेन गर्भपात या समय से पहले प्रसव का कारण बन सकते हैं.

कच्चे पपीते और इसके लेटेक्स (सफेद दूध) में पैपेन एंजाइम अधिक मात्रा में पाया जाता है. यह उन लोगों में क्रॉस-रिएक्शन (ओरल एलर्जी सिंड्रोम) पैदा कर सकता है जिन्हें रबर/लेटेक्स से एलर्जी है. इसके सेवन से होंठ या मुंह में सूजन, खुजली, त्वचा पर चकत्ते, सांस लेने में तकलीफ (अस्थमा) जैसी समस्याएं हो सकती हैं, और गंभीर मामलों में एनाफिलेक्टिक शॉक भी हो सकता है. पपीता स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन अत्यधिक सेवन से ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा हो सकता है. इसलिए प्रति दिन लगभग आधा कप (100-150 ग्राम) या एक छोटी कटोरी ही सीमित मात्रा में खाना चाहिए. इसके अलावा, किसी भी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को चिकित्सक की सलाह के बिना पपीते का सेवन नहीं करना चाहिए.

पपीता पाचन के लिए बहुत फायदेमंद है, लेकिन अत्यधिक मात्रा में या कुछ विशिष्ट खाद्यों जैसे दूध, दही, खट्टे फल और हाई-प्रोटीन फूड्स के साथ खाने पर यह पाचन समस्याएं पैदा कर सकता है. इससे दस्त, पेट में ऐंठन, ब्लोटिंग, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

अत्यधिक पपीता सेवन से गंभीर रक्त विकार हो सकते हैं. यह खून को बहुत पतला कर सकता है, जिससे रक्तस्राव का खतरा बढ़ जाता है. विशेषकर उन लोगों के लिए जो वारफेरिन जैसी रक्त पतला करने वाली दवाएं ले रहे हैं. इसके अलावा, पपीता रक्त वाहिकाओं की परत को भी प्रभावित कर सकता है.

पपीता अधिकांश बीमारियों में फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए. साथ ही, अत्यधिक पपीता खाने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. इसलिए हमेशा चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही पपीते का

# काला पड़ गया है गैस बर्नर?

**10 रुपये के पैकेट से बिना मेहनत चमकेगा चूल्हा!**



कई बार खाना बनाते समय गैस बर्नर पर इतनी गंदगी जम जाती है कि वह जलकर काला पड़ जाता है. उसे साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है. होली जैसे त्योहार में जब घरों में तरह-तरह के पकवान बनते हैं, तब गैस चूल्हा और बर्नर और भी ज्यादा गंदे दिखने लगते हैं. ऐसे में आप घर पर ही करीब 10 रुपये में बर्नर साफ कर सकते हैं.रांची की हाउसकीपिंग एक्सपर्ट शालिनी बताती हैं कि इसके लिए ज्यादा सामान की जरूरत नहीं है. अगर घर में ईनो है तो वही इस्तेमाल कर सकते हैं. आमतौर पर यह घर में मिल जाता है. अगर नहीं है तो 10 रुपये में छोटा पैकेट बाजार से मिल जाएगा.

### ऐसे काम करता है यह तरीका

शालिनी के अनुसार सबसे पहले एक बर्तन में इतना पानी लें जिसमें बर्नर आराम से डूब सके. पानी को अच्छी तरह उबाल लें. जब पानी खौल जाए तो गैस से उतार लें. इसमें एक चुटकी सर्फ डालें. ज्यादा मात्रा में सर्फ न डालें. फिर थोड़ा सा नींबू का रस मिलाएं.

इसके बाद ईनो का पूरा छोटा पैकेट पानी में डाल दें. मिश्रण को हल्का सा चला लें. अब गंदे बर्नर को इस गर्म पानी में डुबो दें. ध्यान रखें कि बर्नर पूरी तरह पानी में डूबा रहे. इसे करीब 10 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें.

### दस मिनट बाद हल्का रगड़कर साफ कर लें

करीब 10 मिनट बाद बर्नर को बाहर निकालें. जमी हुई गंदगी की परत नरम होकर आसानी से निकलने लगेगी. जरूरत हो तो हल्के ब्रश या कपड़े से साफ कर लें. बर्नर पहले से ज्यादा साफ और चमकदार दिखेगा. बचे हुए पानी को फेंकने के बजाय उसी से गैस चूल्हे को भी पोंछ सकते हैं. इससे चूल्हा भी साफ हो जाएगा. त्योहारों के दौरान ज्यादा खाना बनने के बाद आप इस आसान तरीके को अपनाकर गैस बर्नर और चूल्हे को साफ रख सकते हैं. यह तरीका आसान, किफायती और बेहद असरदार है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में युवती ने होटल से क्यों लगा दी छलांग? साथ ठहरा दोस्त छोड़कर भाग निकला

**लखनऊ.** लखनऊ में एक घटना सामने आई है। यहां अमीनाबाद के एक होटल में अपने दोस्त के साथ ठहरी कानपुर की युवती ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। कूदने के कारण वह जख्मी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बुधवार को युवती के परिजन लखनऊ पहुंचे और अपने साथ लेकर घर चले गए। पुलिस ने बताया कि युवती के साथ ठहरा युवक घटना के बाद उसे छोड़कर भाग गया। युवती के कूदने की वजह साथ ठहरे दोस्त के साथ किसी बात को लेकर विवाद की बताई जा रही है। दोनों एक ही समुदाय के हैं। युवती के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी। होटल कर्मचारियों से पूछताछ की गई है।

### शराब नहीं देने पर दबंगों का कहर; सेल्समैन और हेल्पर को अधमरा किया, एक की मौत

**कानपुर.** कानपुर जिले के बिधनू थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में देशी शराब ठेके पर देर रात हुई मारपीट की घटना ने सनसनी फैला दी। शराब देने से मना करने पर आधा दर्जन युवकों ने सेल्समैन और उसके सहयोगी पर बेरहमी से हमला कर दिया, जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना किसान नगर रोड स्थित देशी शराब ठेके की है। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर के चांदपुर कुलखेड़ा निवासी पवन तिवारी उक्त ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत हैं। उनके साथ भवानीपुर निवासी 55 वर्षीय उदय सिंह उर्फ बाबा सहयोगी के तौर पर काम करते थे।

### रामराज हत्याकांड: ऐलानिया कत्ल का आरोपी प्रदीप गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ के बाद दबोचा

**मेरठ.** मेरठ-मुजफ्फरनगर बॉर्डर पर स्थित रामराज कस्बे में बुधवार को हुई दिनदहाड़े हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुरेंद्र सिंह की सरेबाजार चार गोलियां मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी प्रदीप (पुत्र रमेश धीमान) को पुलिस ने घेराबंदी कर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को रामराज कस्बे के व्यस्त बाजार में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब आरोपी प्रदीप ने सुरेंद्र सिंह पर एक के बाद एक चार गोलियां दागीं। सरेआम हुई इस फायरिंग से बाजार में भगदड़ मच गई। खौफ के मारे व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और काफी देर तक इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने समर्पण करने के बजाय पुलिस टीम पर ही तमंचा तान दिया। हालांकि, फलावदा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि प्रदीप ने न केवल सुरेंद्र की हत्या की, बल्कि वारदात के बाद कई पुलिसकर्मियों को भी जान से मारने की धमकी देकर पुलिस को चुनौती दी थी।

# रोहित-योगेंद्र पवार बारामती पहुंचे, FIR की मांग

- अजित पवार प्लेन क्रैश,
- बोले- VSR को बचाया जा रहा,
- DGCA-नागरिक उड्डयन मंत्रालय और CID की भूमिका पर शक



**बारामती.** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) और एयरक्राफ्ट कंपनी VSR के खिलाफ एफआईआर की मांगी की।

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP-SCP) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा- हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने FIR दर्ज नहीं की है। उनका कहना है कि एक्सीडेंटल रिपोर्ट फाइल हुआ है। सीबीआई और सीआईडी मामले की जांच कर रही है। इसलिए हम एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते हैं।

रोहित ने DGCA, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सीआईडी की भूमिका पर शक जताया। उन्होंने कहा VSR कंपनी को बचाने और सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है, पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है। VSR के 25 विमानों में से 5 को उड़ान भरने से रोकने वाले DGCA के सर्कुलर ने शक और बढ़ा दिया है।

दरअसल, 28 जनवरी की सुबह VSR वेंचर्स का लियरजेट 45 (VT-SSK) बारामती के पास क्रैश हो गया था। हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी मुख्यमंत्री अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद DGCA ने कंपनी का स्पेशल सेफ्टी ऑडिट कराया था।

### संजय राउत बोले- महाराष्ट्र सरकार DGCA और VSR वेंचर्स को बचा रही

गुरुवार को शिवसेना (उद्धव गुट) संजय राउत ने आरोप लगाया कि अजित पवार प्लेन क्रैश मामला दबाया जा रहा है। कई प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस FIR दर्ज नहीं कर रही है। रोहित पवार की शिकायत के बावजूद मुंबई पुलिस ने FIR दर्ज क्यों नहीं की।

राउत ने दावा किया कि मुंबई में DCP को विधानसभा (विधान भवन) से फोन आया था, जिसके बाद पुलिस कमिश्नर का रवैया बदल गया। यह मामला दबाया जा रहा है। सरकार कुछ छिपा रही है। कई नेताओं ने VSR वेंचर्स में निवेश किया है और कुछ मौजूदा मंत्रियों के कंपनी से वित्तीय संबंध हैं, जिसकी वजह से कार्रवाई नहीं हो रही है।

### मुंबई पुलिस ने FIR से इनकार किया

25 फरवरी को रोहित मुंबई में मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में इसी मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि शुरुआत में अधिकारियों ने हमारी बात सुनी और एफआईआर दर्ज की प्रोसेस भी शुरू की।

# 'करप्शन इन ज्यूडीशियरी' वाली किताब पर बैन

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी हटाएं
- NCERT डायरेक्टर और एजुकेशन सेक्रेटरी को नोटिस



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली NCERT की किताब बैन कर दी है। गुरुवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 8वीं क्लास की सोशल साइंस की यह किताब छांपने और बांटने पर रोक लगा दी। पहले भेजी गईं किताबें वापस लेने और डिजिटल कॉपियां हटाने का आदेश भी दिया।

कोर्ट ने इस मामले में NCERT डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है।

CJI ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। NCERT पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। बुधवार को CJI की फटकार के बाद NCERT ने इस मामले में माफी मांग ली थी।

इस मामले में सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट के 4 बड़े निर्देश

- केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभाग तय करें कि किताब चाहे स्कूलों में हो, छपी हुई हों या डिजिटल, तुरंत लोगों की पहुंच से हटाई जाए।
- किताब के प्रिंटेड या डिजिटल वर्जन को बांटना कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन माना जाएगा।
- सभी राज्यों के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव 2 हफ्ते में इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपें।
- जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट कमेटी बनाएगा, जो पूरे मामले की जांच करेगी और जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी।

### 'यह उत्तर कोरिया नहीं, भारत है'; राहुल गांधी का मोदी पर हमला

**नई दिल्ली.** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने एआई समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद उनके खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए मोदी सरकार की तुलना उत्तर कोरिया के तानाशाही शासन से की। राहुल ने आरोप लगाया धीरे-धीरे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को ऐसी दिशा में ले जाया जा रहा है, जहां पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना सबसे बड़ा अपराध बन गया है।

# गवर्नर-IAS से भी ज्यादा स्वीपर्स उठा रहे 2 लाख प्रति महीना

**हैदराबाद.** दक्षिणी राज्य तेलंगाना में सफाईकर्मियों की तन्ख्वाह जानकर आप दंग रह जाएंगे। बार-बार होने वाले वेतन बढ़ोत्तरी के बाद अब इस राज्य के सीनियर सफाईकर्मी दो लाख रुपये प्रति महीना वेतन उठा रहे हैं, जबकि चीफ इंजीनियर की सैलरी बढ़ते-बढ़ते 7 लाख प्रति माह हो चुकी है। राज्य के मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव ने खुलासा किया है कि तेलंगाना में पिछले एक दशक के दौरान सरकारी वेतन और पेंशन का बोझ तेजी से बढ़ा है। यह खर्च 2014 में राज्य गठन के समय लगभग 1,500 करोड़ रुपये प्रतिमाह था, जो अब बढ़कर करीब 6,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यानी यह खर्च 2014 के मुकाबले अब लगभग चार गुना हो गया है।



राव ने सेंटर फॉर इकोनॉमिक एंड सोशल स्टडीज द्वारा आयोजित 16वें फाइनेंस कमीशन की सिफारिशों पर एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जब 2014 में आंध्र प्रदेश से तेलंगाना अलग हुआ था, तब राज्य का खर्च 1,500 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि तब से, सैलरी और पेंशन का खर्च 300% बढ़ गया है, क्योंकि चुनाव के समय लगातार पे रिवीजन हुए, जिससे फिक्स्ड खर्च में भारी उछाल आया है।

बकौल राव, स्थिति यह है कि कुछ सार्वजनिक उपक्रमों में वेतन संरचना इतनी ऊंची हो गई है कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारियों और यहां तक कि राज्यपाल के वेतन से भी अधिक हो गई है। उदाहरण के तौर पर, बिजली विभाग के मुख्य अभियंता का वेतन 7 लाख रुपये तक पहुंच रहा है, जबकि लंबे समय से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी करीब 2 लाख रुपये मासिक तक कमा रहे हैं। नगर निगम स्तर पर भी वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जहां नए कर्मचारियों का शुरुआती वेतन लगभग 28,000 रुपये है, वहीं 30 वर्षों की सेवा के बाद ड्राइवर या सफाईकर्मी 1 लाख रुपये से अधिक मासिक वेतन पा सकते हैं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम में नियमित किए गए कुछ सफाईकर्मियों का औसत वेतन 70,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक है।

### PM मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले नेता



**नई दिल्ली.** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बन गए हैं।

PM मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फॉलोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फॉलोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत

- राजस्थान के स्कूल में खेलते समय गिरी



**नागौर.** राजस्थान के नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह ग्राउंड में खेलते समय गिर गई थी। स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। छात्रा के बड़े भाई की भी 4 महीने पहले ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

#### दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी

स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया- तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी। सामान्य दिनों की तरह 23 फरवरी की सुबह भी स्कूल आई थी। प्रेयर (प्रार्थना) होने में अभी समय था। इस दौरान कुछ बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इसमें दिव्या भी शामिल थी। खेलते समय अचानक दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी। ओला ने बताया कि इससे अफरा-तफरी मच गई। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही स्कूल स्टाफ ने दिव्या को संभाला। बिना देर किए गोटन के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

#### घरवालों ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया

डॉक्टर्स के अनुसार, दिव्या के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं थे। प्राथमिक जांच में कार्डियक अरेस्ट से मौत होना माना गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया था।

# केरल हाईकोर्ट ने रोकी 'द केरल स्टोरी-2' की रिलीज

**तिरुवनंतपुरम.** द केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर केरल हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट का कहना है कि सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेशन के समय दिमाग नहीं लगाया। बता दें कि एक बायोलॉजिस्ट ने कोर्ट में फिल्म को बैन करने की याचिका दी थी। कोर्ट ने कहा था कि रिलीज के पहले फिल्म देखकर तय किया जाएगा। 27 फरवरी को मूवी रिलीज होनी थी। कोर्ट ने सीबीएफसी को आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता की आपत्तियों पर गौर करे और इस मामले पर दो हफ्ते के अंदर ले। कोर्ट का कहना है कि जब तक इस केस की जिरह पूरी नहीं होती, फिल्म रिलीज नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि केरल के 26 साल के बायोलॉजिस्ट श्रीदेव नांबूदीरी ने केरल हाईकोर्ट में याचिका दी थी। उनका कहना था कि फिल्म में केरल को बदनाम करने की साजिश की गई है।

# दिल्ली पुलिस पर हिमाचल में FIR

- शिमला में यूथ कांग्रेस वर्कर्स को गिरफ्तार करने पहुंची थी

**शिमला.** हिमाचल प्रदेश में दिल्ली पुलिस पर बुधवार को FIR दर्ज कर ली गई। दरअसल, दिल्ली पुलिस इंडियन नेशनल यूथ कांग्रेस के 3 कार्यकर्ताओं को शिमला से गिरफ्तार करके ले जा रही थी। तभी हिमाचल प्रदेश पुलिस ने इन्हें नाकेबंदी करके रोक लिया। इन कार्यकर्ताओं पर AI समिट में प्रदर्शन करने का आरोप है। देर रात तक ड्रामा चला। आरोपियों को मेडिकल के लिए रिपन अस्पताल ले जाया गया। आज गुरुवार को इन्हें ट्रांजिट रिमांड के लिए जिला कोर्ट में पेश किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर जिला कोर्ट परिसर में हिमाचल और दिल्ली पुलिस के बीच लंबी बातचीत हुई। इसके बाद शिमला पुलिस ने तीनों कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन जिला कोर्ट से करीब 6-7 किलोमीटर दूर शोघी में शिमला पुलिस ने उन्हें दोबारा रोक लिया। इस दौरान दोनों राज्यों की पुलिस के बीच काफी देर तक हंगामा और बहस होती रही। पूरे दिन हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

शिमला पुलिस का आरोप है कि उन्हें बिना सूचना दिए कुछ लोग सादे कपड़ों में 15 से 20 लोगों के साथ पर्यटकों को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता के चांशल रिजॉर्ट में लगे CCTV कैमरों का DVR भी बिना रसीद दिए साथ ले जाया गया।

# साउथ अफ्रीका की सुपर-8 में लगातार दूसरी जीत



- वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया
- मार्करम की फिफ्टी
- लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुरुवार के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान ऐडन मार्करम ने नाबाद 82 और रायन रिकेल्टन 45 रन बनाए।

वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 52 रन बनाए। जबकि जेसन होल्डर 49 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। कगिसो रबाडा और कॉर्बिन बॉश को 2-2 विकेट मिले।

#### होल्डर-शेफर्ड ने रिकॉर्ड साझेदारी की

टीम ने एक समय 83 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने 8वें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी करके टीम को 170 पार पहुंचा दिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 8वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

#### साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के करीब, भारत की राह आसान

साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम सेमीफाइनल के बेहद करीब पहुंच गई है। अफ्रीका के 2 मैच में 4 अंक हो गए हैं। टीम ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर है। वहीं, वेस्टइंडीज 2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरे और जिम्बाब्वे चौथे नंबर पर है।

# दिल्ली में नौकरानी ने मालिक के घर फर्जी रेड कराई

- 3 लोग ED अफसर बनकर गए
- लाखों कैश, लग्जरी घड़ियां-गहने लेकर भाग थे; 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ED) रेड कराई। मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ED अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए।

सभरवाल के पोते को शक हुआ तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी लगभग 3-4 लाख रुपये कैश, सात महंगी घड़ियां और गहने लेकर कार में फरार हो गए। पुलिस ने 24 फरवरी को मामला दर्ज करने के बाद इसकी जांच शुरू की थी।




पुलिस ने 350 से अधिक CCTV कैमरों के फुटेज को खंगाला। अंत में एक ब्लू रंग की मारुति सुजुकी बलेनो पर शक हुआ। पुलिस ने घटनास्थल से कार की आवाजाही का पता लगाया तो पता चला कि कार सराय काले खान से होते हुए गाजीपुर बॉर्डर से उत्तर प्रदेश में दाखिल हुई थी।

इसके बाद कार गाजियाबाद के वैशाली में एक घर के पास खड़ी देखी गई। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर, पुलिस ने पता लगाया कि दिल्ली में लूट वाली जगह यानी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और वैशाली में कार की पार्किंग वाली जगह पर कौन से मोबाइल नंबर एक्टिव थे।

# बाड़मेर में जमीन से निकल रहा क्रूड ऑयल

- अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भर चुके
- ब्लास्ट से मकान-स्कूल में आईं दरारें

**बाड़मेर.** बाड़मेर में एक खेत में जमीन से क्रूड ऑयल निकल रहा है। पिछले 4 दिन से निकल रहे क्रूड ऑयल को एक गड्ढे में भरा जा रहा है, जिससे अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भरे जा चुके हैं।

जहां पर क्रूड ऑयल निकल रहा है, वहां से करीब 40 मीटर दूरी पर ऐश्वर्या वेटलैंड (तेल का कुआं) है। अधिकारियों को इसकी पाइपलाइन में लीकेज का शक है, जिसे ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर केयर्न वेदांता कंपनी के अफसर मौजूद है। लोगों का कहना है कि यहां 24 फरवरी को ब्लास्ट भी किया गया था, जिससे घरों और स्कूल में दरारें आ गईं। मामला कवास गांव का है। विधानसभा में बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने यह मुद्दा उठाया।



दरअसल, 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे किसान हरजीराम खोथ के खेत में अचानक जमीन से क्रूड ऑयल निकलना शुरू हो गया। देखते ही देखते खेत के एक हिस्से में तेल फैल गया। सूचना पर कंपनी के इंजीनियर्स की एक टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची। जहां क्रूड ऑयल निकल रहा है, वहां मशीनों से करीब 100 मीटर लंबी खाई खोदकर एक रास्ता बनाया गया है, जिससे तेल का बहाव उसके जरिए एक गड्ढे तक पहुंचाया जा रहा है।

इसके बाद गड्ढे से टैकरों से तेल को भरकर दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है।


**ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION**

Medical Health Department, Ground Floor, Ulhasnagar - 03

"SUPPLY OF IEC MATERIAL FOR URBAN HEALTH WELLNESS CENTER & URBAN PRIMARY HEALHT CENTER & HBT".

Tender NoticeNo.: UMC/HEALTHDEPARTMENT/NUHM/05/2025-2026

| | |
|---|---|
| Price of Blank Tender form | : Rs.2,950/- (Rs.2,500 + Rs.450/- GST 18%) (Non-Refundable) |
| Publishing Date | :- 26/02/2026 at 16.00 P.M. |
| Documents Download/Sale Start Date | :- 26/02/2026 at 16.00 P.M. |
| Bid Submission Start Date | :- 26/02/2026 at 16.00 P.M. |
| Pre Bid Meeting Date | :- 27/02/2026 at 14.30 P.M |
| Bid Submission Closing Date | :- 04/03/2026 at 16.00 P.M. |
| Bid Opening Date | :- 05/03/2026 at 16.00 P.M. |

This is to certify that this tender document consists serially page no.1 to 24

Sd/-
Deputy commissioner of Health
Ulhasnagar Municipal Corporation

जा.क्र. उमपा / पीआरओ/565/2026
दिनांक : 26/02/2026

## संक्षेप...

### 75 लाख रु. कर बकाया, अस्पताल का प्रशासनिक कक्ष सील

**कल्याण.** कर वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कडोंमपा ने एक निजी अस्पताल पर सीधी कार्रवाई कर दी। मुरबाड रोड स्थित ए एंड जी हॉस्पिटल पर 75,47,025 रुपये की बकाया कर राशि होने के कारण उसकी प्रशासनिक कक्ष को सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देश पर की गई। 4/जे प्रभाग की सहायक आयुक्त सविता हिले और उनकी टीम ने अस्पताल परिसर में पहुंचकर सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की। अस्पताल पर लंबे समय से कर बकाया था, जिसे लेकर पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे।

महापालिका के अनुसार, बार-बार सूचना देने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की गई, जिसके बाद यह कड़ी कार्रवाई की गई।

# राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में 3% का इजाफा

### ■ त्यौहारों से पहले सरकार ने दिया तोहफा

**मुंबई.** महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा और होली से पहले राज्य के कर्मचारियों और अन्य पात्र कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया गया है. महंगाई भत्ता जुलाई 2025 से जोड़कर मिलेगा.

महाराष्ट्र के वित्त राज्यमंत्री आशीष जायसवाल ने इसकी जानकारी दी. गुड़ी पड़वा का त्यौहार 19 मार्च को है. महाराष्ट्र में इसे धूमधाम से मनाया जाता है. वहीं होली देशभर में 4 मार्च को मनाया जाएगा. वहीं मार्च महीने ही ईद का त्यौहार भी है.

बुधवार को राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने बताया कि इसका भुगतान फरवरी महीने से नकद में किया जाएगा. जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक की अवधि का बकाया मार्च 2026 में गुड़ी पड़वा के अवसर पर वितरित किया जाएगा, जबकि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक की अवधि के बकाया के संबंध में आदेश अलग से जारी किए जाएंगे. राज्य सरकार के इस फैसले का लाभ 5.16 लाख कर्मचारियों और 8.72 लाख पेंशनर्स को होगा.

पिछले साल भी फरवरी में महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा किया था. तब एकनाथ शिंदे राज्य की कमान संभाल रहे थे. तब कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 12 फीसदी का इजाफा किया गया था.



### 9.1 फीसदी औसत वेतन वृद्धि का अनुमान- सर्वेक्षण

देश में इस साल विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को औसतन 9.1 फीसदी वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 8.9 फीसदी वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक है. मंगलवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया. वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन ने अपने 'वार्षिक वेतन वृद्धि एवं कारोबार सर्वेक्षण 2025-26' का हवाला देते हुए कहा कि इस साल 9.1 फीसदी की अनुमानित वेतन वृद्धि वर्ष 2025 में दर्ज 8.9 फीसदी की वास्तविक वृद्धि से थोड़ी अधिक है. एओएन के सर्वेक्षण का 32वां संस्करण देश के 45 उद्योग क्षेत्रों में सक्रिय 1,400 से अधिक संगठनों के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है.

# संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान और महा आवास अभियान में ठाणे जिले का शानदार प्रदर्शन



**ठाणे.** संत गाडगे बाबा के स्वच्छता विचारों पर आधारित संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत साल 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के कॉम्पिटिशन में चुनी गई ग्राम पंचायतों के लिए प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम 25 फरवरी, 2026 को कोंकण डिवीजन के डिविजनल कमिश्नर डॉ. विजय सूर्यवंशी की अध्यक्षता में सिडको ऑफिस ऑडिटोरियम नवी मुंबई में हुआ।इस मौके पर जिला परिषद, ठाणे के तहत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। साल 2022-23 में संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत डिविजनल लेवल के कॉम्पिटिशन में, ग्राम पंचायत वडपे (तेल. भिवंडी) ने दूसरा स्थान हासिल किया और उसे सर्टिफिकेट ऑफ़ ऑनर और 9 लाख रुपये का चेक मिला। इसी तरह, ग्राम पंचायत जांभुल (तेल. कल्याण) ने तीसरा स्थान हासिल किया और उसे सर्टिफिकेट ऑफ़ ऑनर और 7 लाख रुपये का चेक मिला।अवाड्र्स डिविजनल कमिश्नर, कोंकण डिविजन कमिश्नर डॉ. विजय सूर्यवंशी ने बांटे। संबंधित ग्राम पंचायतों को सफाई, वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज प्लानिंग, पब्लिक पार्टिसिपेशन और गांव लेवल पर जागरूकता के क्षेत्रों में उनके शानदार काम के लिए सम्मानित किया गया।इसी प्रोग्राम में, महा आवास अभियान 2023-24 के तहत स्टेट स्पॉन्सर्ड घरकुल स्कीम को अच्छे से लागू करने के लिए जिला परिषद ठाणे को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट - थर्ड प्लेस का अवार्ड दिया गया। स्टेट स्पॉन्सर्ड हाउसिंग स्कीम 2023-24 के तहत मणिवली ग्राम पंचायत को तीसरा प्राइज मिला। यह सम्मान आवास निर्माण की गति, पारदर्शी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए दिया गया। इस सफलता के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत यादव, परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंडित राठौड़, साथ ही सभी समूह विकास अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को हार्दिक बधाई दी गई।इस बात पर ज़ोर दिया गया कि ठाणे जिले ने स्वच्छता और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार और प्रभावी प्रदर्शन करके राज्य और संभाग स्तर पर एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। भविष्य में भी इसी तरह जनभागीदारी से विकास कार्यों को लागू करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# दुर्गाडी किले से उल्हासनगर तक मशाल दौड़

### ■ नवतरुण मंडल ने उत्साह से मनाई शिव जयंती



**उल्हासनगर.** शिव जयंती सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि स्वराज्य के विचारों की जागृति भी है, इसे ध्यान में रखते हुए उल्हासनगर में मित्र मंडल ने हर साल की तरह इस साल भी शिव जयंती धूमधाम से मनाई। कल्याण के ऐतिहासिक दुर्गाडी किले से सीधे उल्हासनगर के नवतरुण मित्र मंडल तक निकाली गई भव्य शिव मशाल दौड़ ने पूरे इलाके को शिवमय बना दिया।

शिव जयंती के मौके पर कल्याण के दुर्गाडी किले से उल्हासनगर के नवतरुण मित्र मंडल के परिसर तक भव्य शिव मशाल दौड़ निकाली गई। इस मशाल दौड़ में बड़ी संख्या में शिव प्रेमियों ने हिस्सा लिया। पूरा इलाका 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारों से गूंज उठा। हाथों में मशालें लिए और मन में स्वराज्य की प्रेरणा लिए युवाओं का नजारा हर किसी का ध्यान खींच रहा था। दौड़ के बाद छत्रपति आरती की गई। उसके बाद पारंपरिक शिव पोवाड़ा कार्यक्रम ने मौजूद लोगों में जोश भर दिया। इस मौके पर बोर्ड के चेयरमैन विनय साल्वी, लंकेश साल्वी, नीलेश राउल, शुभम साल्वी, लोकेश जेधे मौजूद थे।

#### बाल कलाकारों की पेंटिंग

शिव जयंती उत्सव को सिर्फ युवाओं तक सीमित न रखने बल्कि छोटे बच्चों में शिवाजी के चरित्र की मिठास भरने के मकसद से बच्चों के लिए एक पेंटिंग कॉम्पिटिशन रखा गया था। इस कॉम्पिटिशन को अचानक से लोगों का रिस्पॉन्स मिला। बच्चों ने अपनी पेंटिंग के ज़रिए शिवाजी की बहादुरी, पराक्रम और आदर्शों को दिखाया।

# उल्हासनगर में सामूहिक गायन

### ■ मनपा की पहल बेस्ट ऑफ़ इंडिया रिकॉर्ड में दर्ज होगी



**उल्हासनगर.** सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर (हिंद-दी-चादर) की 350वीं शहादत की सालगिरह के मौके पर उल्हासनगर मनपा इलाके के सभी स्कूलों में जोश भरे माहौल में सामूहिक गायन प्रोग्राम हुआ।

खासकर स्कूल नंबर 24 और स्कूल नंबर 18 में महापौर अश्विनी कमलेश निकम की मौजूदगी में जोश भरे माहौल में सामूहिक गायन हुआ। मनपा के एडिशनल कमिश्नर डॉ. किशोर गवस ने इस प्रोग्राम के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक गीत गायन प्रोग्राम का रिकॉर्ड 'बेस्ट ऑफ़ इंडिया रिकॉर्ड' संस्था दर्ज कराएगी. उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनकर गर्व है। इस मौके पर मेयर अश्विनी निकम और मनपा के अधिकारियों ने संबंधित स्कूलों का इंस्पेक्शन किया। इंस्पेक्शन के दौरान, स्कूल में स्टूडेंट्स को डिजिटल स्क्रीन के ज़रिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टेक्नोलॉजी से दी जाने वाली पढ़ाई का डेमोंस्ट्रेशन दिखाया गया।

इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा गया कि स्टूडेंट्स के हर तरह के विकास के लिए मॉडर्न टेक्नोलॉजी का अच्छे से इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रोग्राम में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के डिप्टी कमिश्नर अनंत जवादवार, एजुकेशन डिपार्टमेंट के एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर दीपक धनगर, असिस्टेंट कमिश्नर और पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर अजय साबले, असिस्टेंट कमिश्नर गणेश शिम्पी, मनीष हिवारे, सलोनी निवकर, बिजली डिपार्टमेंट के हेड हनुमंत खरात, टैक्स असेसर और कलेक्टर नीलम कदम, आर्काइव्स डिपार्टमेंट के हेड अच्युत सासे, लीगल डिपार्टमेंट के हेड राजा बुलानी, चीफ सैनिटेशन इंस्पेक्टर एकनाथ पवार, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के हेड अजीत गवारी, एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट के हेड दत्तात्रेय जाधव, सिस्टम एनालिस्ट श्रद्धा बाविस्कर शामिल हुए।

# कल्याण पूर्व में युवक के सुसाइड के बाद लोगों में गुस्से की लहर

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के तीसगांव नाका इलाके में कुत्ते के काटने से हुए रेबीज से परेशान होकर आयश विश्वनाथ अमीन नाम के युवक ने सुसाइड कर लिया। इस घटना से महानगर पालिका के हेल्थ डिपार्टमेंट के खिलाफ लोगों में गुस्सा है और पार्षद महेश गायकवाड़ ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कड़ा रुख अपनाया है।

सहजीवन सोसायटी में रहने वाले आयेश अमीन को कुछ दिन पहले एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था। बदकिस्मती से उसे रेबीज हो गया। आएश ने इस बात से परेशान होकर सुसाइड कर लिया कि उसके बुजुर्ग माता-पिता को इस बीमारी का असहनीय दर्द न सहना पड़े। एक जवान लड़के की इस तरह जान जाने पर पूरा इलाका दुख जता रहा है।

मनपा आयुक्त को लिखे एक लिखित बयान में पार्षद महेश गायकवाड़ ने सीधे तौर पर प्रशासन पर आरोप लगाया है। आवारा कुत्तों की नसबंदी और वैक्सीनेशन सिर्फ़ कागज़ों तक ही सीमित रहने से यह समय लंबा खिंच गया है। गायकवाड़ ने कहा है कि प्रशासन की लापरवाही इस युवक की मौत का कारण है। अगर नागरिकों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है तो हम चुप नहीं बैठेंगे। अगर प्रशासन ने तुरंत कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो लोकतांत्रिक तरीकों से जन आंदोलन शुरू किया जाएगा, पार्षद महेश गायकवाड़ ने गुस्से में कहा।

तिसगांव इलाके में तुरंत कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जाए, सभी आवारा कुत्तों को युद्ध स्तर पर वैक्सीन और नसबंदी की जाए. सभी मनपा अस्पतालों में रेबीज वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक हो और स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विभाग के उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जो अपने काम में लापरवाही बरत रहे हैं, ये बयान में की गई मुख्य मांगें हैं।

# मानसून से पहले नालों की सफाई का प्लान

### ■ मेयर पिंपलोलकर ने प्रशासन को दिया निर्देश



**ठाणे.** मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने आज मनपा के घन कचरा विभाग के साथ मीटिंग किया। मानसून को देखते हुए, उन्होंने मार्च के आखिर से शहर के सभी नालों की सफाई शुरू करने और मई के आखिर तक इसे पूरा करने का प्लान बनाने का निर्देश दिया।मनपा के स्वर्गीय अरविंद पेंडसे हॉल में हुई मीटिंग में घनकचरा विभाग के डिप्टी कमिश्नर मधुकर बोडके के साथ संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।मेयर ने बताया कि शहर के कुछ वार्डों में पब्लिक टॉयलेट की रेगुलर सफाई नहीं होने की शिकायतें आ रही हैं। इस पर खास ध्यान देने का आदेश दिया। उन्होंने साफ किया कि संबंधित सफाई इंस्पेक्टर इस बात का ध्यान रखें कि टॉयलेट में भरपूर पानी हो, पानी की टंकियां खाली होने के तुरंत बाद भर दी जाएं और दरवाज़ों के हैंडल अच्छी हालत में रहें।शहरी इलाकों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किया जाता है, लेकिन मेयर ने बताया कि स्लम इलाकों में यह अनुपात कम है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है।शहर में सड़कों की सफाई दो सेशन में की जाती है। इसके लिए 1656 सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं और 6 गाड़ियों के जरिए मैकेनिकल तरीके से सफाई की जाती है। साथ ही, इस मौके पर गीला कचरा प्रोजेक्ट, सूखा कचरा प्रोजेक्ट, प्री-प्रोसेसिंग सेंटर और कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन वेस्ट पर अपनाए जाने वाले प्रोसेस के बारे में भी जानकारी दी गई। डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के कॉन्सेप्ट के तहत शहर में एक बड़ा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और असरदार तरीके से लागू करने के लिए, वार्डों में अंदर की सड़कों की रेगुलर सफाई और सभी वार्डों में पूरी प्लानिंग की जानी चाहिए, ऐसा भी सुझाव मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने मीटिंग में दिया।

# नवी मुंबई में 12 करोड़ का हाइड्रो गांजा जब्त

### ■ 3 तस्कर गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** युवाओं को ड्रग्स की लत से बचाने के लिए नवी मुंबई पुलिस द्वारा एंटी-ड्रग अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत ड्रग्स के तस्करों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की जा रही है. इसी के तहत गुरुवार को सुबह-सुबह किए गए एक बड़े ऑपरेशन में वाशी पुलिस ने 12 करोड़ 91 लाख रुपये का 'हाइड्रो गांजा' जब्त किया. इस मामले में पुलिस ने ड्रग्स के 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है. इस रैकेट का पर्दाफाश होने से इलाके में हड़कंप मच गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम श्याम शिवकुमार बनवानी, संदीप दिलीप पाटिल, अनिकेत सुनील तेलंगी है. पुलिस की टीम ने इन आरोपियों से हाइड्रो गांजा, कार, नकदी और कीमती मोबाइल जब्त किया है. पुलिस को पक्की जानकारी मिली थी कि वाशी रेलवे स्टेशन इलाके में कुछ लोग कारों में ड्रग्स बेचने आएंगे. इसके मुताबिक पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के मार्गदर्शन में बीट मार्शल और क्राइम की टीम ने वाशी रेलवे स्टेशन इलाके में सिडको एग्जीबिशन और राजस्थान भवन के बीच सड़क पर जाल बिछाया.


## आम सूचना

मैं श्रीमती सीमा रविंद्र परिट सभी को सूचित कर रही हूं कि शिव कॉटेज, रुम नं. 2, शिट नं. 32, हनुमान मंदिर के पास, हनुमान टेकड़ी, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009003600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती उषा गणपत भोसले के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.2.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सीमा रविंद्र परिट**

## आम सूचना

मैं श्रीमती गंगुबाई शंकर वाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि 30/01 घर, जी+1, बुद्धा नगर, विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ008403400) उक्त प्रॉपर्टी श्री छोटेलाल शांटू विश्वकर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.2.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती गंगुबाई शंकर वाणी**

## आम सूचना

मैं श्री नितेश ज्ञानेश्वर टेम्भूरणे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लॉक नं. ए-583 के पास, धुलारी पाडा, सेक्शन 25, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 48सीआय010508500) उक्त प्रॉपर्टी श्री रमेश थारुमल वासवानी व श्रीमती भारती रमेश वासवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.12.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नितेश ज्ञानेश्वर टेम्भूरणे**


# विजय-रश्मिका ने तेलुगु रीति-रिवाज से लिए फेरे



### ■ कच्चे केले-पत्तों से मंडप सजाया गया

**उ**दयपुर में गुरुवार को पुष्पा फिल्म की हीरोइन रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ तेलुगु रीति-रिवाज से फेरे लिए।

इससे पहले रश्मिका मंदाना के माता-पिता ने आज दूल्हे के परिवार को नारियल, पान के पत्ते, फल, मिठाई और हल्दी-कुमकुम भेंट किए। इसके बाद विजय की मां माधवी देवरकोंडा ने रश्मिका को खानदानी चूड़ियां भेंट कीं।

रश्मिका मंदाना कर्नाटक के कोडवा और विजय देवरकोंडा तेलुगु के हिंदू परिवार से आते हैं। इस कारण दोनों परिवार अपनी-अपनी परपंराओं को निभाते हुए रस्म निभा रहे हैं।

उदयपुर के होटल मेंमेटोस एकाया में शादी की रस्मों के लिए गुलाब, आर्किड, ट्यूलिप फूलों से सजावट की गई। कच्चे केले और उसके बड़े पत्तों से मंडप को सजाया गया है। आज सुबह 8 बजे से ही रस्में होना शुरू हो गई थी। शादी के बाद दूल्हे के परिवार के लोग होटल के बाहर आए और मिठाई बांटकर गए।

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। रश्मिका रणवीर कपूर के अपोजिट फिल्म एनीमल में मेन लीड थी। वहीं विजय ने बॉलीवुड की 'लाइगर' नाम की फिल्म में काम किया है। बता दें कि दुल्हन रश्मिका को 'नेशनल क्रश' के नाम से भी जाना जाता है।

दूल्हा-दुल्हन की हल्दी और मेहंदी की रस्म भी कल (बुधवार) हुई थी। हल्दी की फोटो भी दोनों ने अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की थी।

# 'प्राचीन मराठी भाषा' विषय पर लेक्चर

### विश्व मराठी भाषा दिवस

**ठाणे.** विश्व मराठी भाषा दिवस के मौके पर, मराठी भाषा की समृद्ध परंपरा और ऐतिहासिक विरासत को गौरवान्वित करने के लिए शुक्रवार को 'प्राचीन मराठी भाषा' विषय पर सीनियर लेखक और पत्रकार श्रीकांत बोजेवार का लेक्चर रखा गया है। यह प्रोग्राम शाम 4 बजे मनपा के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल ऑडिटोरियम में होगा।

इस प्रोग्राम में मेयर शर्मिला पिंपलोलकर, डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल, हाउस के नेता हनमंत जगदाले, एडिशनल कमिश्नर 1 संदीप मालवी, एडिशनल कमिश्नर 2 प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर जी.जी. गोदापुरे, उमेश बिरारी मौजूद रहेंगे।मराठी भाषा की उत्पत्ति, इसकी प्राचीन जड़ें, संत साहित्य की परंपरा, शिव और पेशवा काल के दौरान भाषा की भूमिका, साथ ही आधुनिक समय में मराठी भाषा के बदलते स्वरूप की विस्तृत समीक्षा वरिष्ठ लेखक श्रीकांत बोजेवार अपने व्याख्यान में करेंगे।

वह मराठी भाषा की उत्पत्ति, संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के साथ इसके संबंध, विभिन्न शिलालेखों और ऐतिहासिक दस्तावेजों में उल्लेख, साथ ही ज्ञानेश्वर, तुकाराम जैसे संतों के साहित्य के कारण भाषा को प्राप्त गौरव पर भी प्रकाश डालेंगे। यह व्याख्यान इस संदेश को उजागर करेगा कि मराठी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है, बल्कि संस्कृति, परंपरा और पहचान की वाहक भी है।विश्व मराठी भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से मराठी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए समाज में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाएगा। मनपा ने विद्यार्थियों, साहित्य प्रेमियों और नागरिकों से बड़ी संख्या में इस व्याख्यान में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099